भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **– 4682**
दिनांक 20.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

इजराइल में भारतीयों पर नस्लीय हमले

4682. श्री एंटो एन्टोनी
श्री सप्तगिरी शंकर
श्री कार्ती पी. चिदम्बरम
श्री बलवंत बसवंत वानखडे
श्री चरनजीत सिंह चन्नी

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के 16 फरवरी, 2026 को इजराइल में भातरीय कामगारों पर हुए सुनियोजित हमले का संज्ञान लिया है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का पीड़ितों को हानिपूर्ति और विधिक सहायता प्रदान करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ने भारतीयों के विरूद्ध भविष्य में होने वाले नस्लीय हमलों को रोकने के लिए इजराइली अधिकारियों के समक्ष औपचारिक रूप से यह मुद्दा उठाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार द्वारा इजराइल में भारतीय नागरिकों की संरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क से घ) सरकार को 16 दिसंबर, 2025 को इज़राइल में कुछ हमलावरों द्वारा दो भारतीय श्रमिकों पर किए गए एक अकारण हमले की जानकारी है। भारतीय दूतावास ने इस मामले को इज़राइली विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाया और स्थानीय इज़राइली अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से वार्ता की। स्थानीय पुलिस ने त्वरित जांच की, जिसके परिणामस्वरूप संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया।

भारत सरकार, इजरायल में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास संकट में फंसे भारतीयों को समर्पित सहायता प्रदान करता है और समय पर हस्तक्षेप एवं समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित इजरायली अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय करता है। दूतावास, इजरायल में भारतीय नागरिकों के साथ नियमित संपर्क में भी रहता है ताकि उनके कुशल मंगल का ध्यान रखा जा सके।

*****